गणंतत्र दिवस

(दिनांक 26 जनवरी, 2021)

आंतरिक सुरक्षा अकादमी, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, माउंट आबू में 72वां गणंतत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया, श्री अरुण कुमार, निदेशक / महानिरीक्षक, एवं श्री के. थोमस जोब, उप महानिरीक्षक, आंसुअ, आबू पर्वत द्वारा क्वार्टर गार्ड पर झण्डा फहराया गया तथा सेरेमोनियल गार्ड द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। इस अवसर पर निदेशक / महानिरीक्षक, आंसुअ ने अपने संबोधन में सभी अधिकारियों एवं जवानों तथा उनके परिवारजनों को बधाई दी तथा इस दिन की महत्ता के बारे में अवगत कराया एवं उन अधिकारियों एवं जवानों को भी याद किया जिन्होंने देश की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर कर सर्वोच्च बलिदान दिया । तथा कहा कि बल के जवान देश के विभिन्न प्रातों में अपने कर्तव्यों का निष्पादन करते हैं, चाहे आंतकवाद, नक्सलवादग्रस्त ईलाका, देश के किसी हिस्से में चुनाव ड्यूटी हो सदेव अग्रणी रहते हैं ।

श्री अरुण कुमार, निदेशक / महानिरीक्षक द्वारा कीर्ति चक्र-4, राष्ट्रपति गैलेंट्री पुलिस पदक- 1, राष्ट्रपति पुलिस पदक-68, राष्ट्रपति के विशिष्ट सेवा पदक 6 तथा सहरानीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक - 57 सहित कुल -136 पुलिस पदकों से अलंकृत केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों एवं कार्मिकों के नाम पढ़कर सुनाये गये । इस गणतंत्र दिवस पर श्री के. थोमस जोब, उप महानिरीक्षक, आंसुअ, आबू पर्वत को राष्ट्रपति के विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया। श्री के. के. पाण्डेय कमांडेंट, पैरा साईक्लिंग दल अभियान का नेतृत्व कर अहमदाबाद के साबरमती से इण्डिया गेट नई दिल्ली तक सफलतापूर्वक पूरा करवाने के लिए तथा श्री अमित देशवाल सहायक कमांडेंट, श्री विकास विष्णु कुम्भार सहायक कमांडेंट, को केरिपुबल महानिदेशक डिस्क, एवं प्रमाण पत्र दिया गया तथा श्री तेज प्रताप सिंह, उप कमांडेंट को प्रशिक्षण में उत्कृष्ट कार्य के लिए गृहमंत्री के पदक से सम्मानित किया गया । तत्पचात सभी जवानों को निदेशक, आंसुअ द्वारा मिठाई वितरित की गई । रात्रि में सभी भोजनालयों में सामूहिक भोज (बड़ा खाना) का आयोजन किया गया ।

श्री अरुण कुमार, निदेशक / महानिरीक्षक, एवं श्री के. थोमस जोब, उप महानिरीक्षक, आंसुअ, आबू पर्वत द्वारा क्वार्टर गार्ड पर सेरेमोनियल गार्ड द्वारा सलामी लेते हुए ।

श्री अरुण कुमार, निदेशक / महानिरीक्षक, एवं श्री के. थोमस जोब, उप महानिरीक्षक, आंसुअ, आबू पर्वत द्वारा क्वार्टर गार्ड पर झण्डा फहराते हुए ।

श्री अरुण कुमार, निदेशक / महानिरीक्षक, गणतंत्र दिवस पर अकादमी के जवानों को संबोधित करते हुए ।

श्री अरुण कुमार, निदेशक / महानिरीक्षक, एवं श्री के. थोमस जोब, उप महानिरीक्षक, आंसुअ, आबू पर्वत द्वारा श्री अमित देशवाल, सहायक कमांडेंट, आंसुअ, को महानिदेशक पदक एवं प्रमाण-पत्र देते हुए ।

श्री अरुण कुमार, निदेशक / महानिरीक्षक, एवं श्री के. थोमस जोब, उप महानिरीक्षक, आंसुअ, आबू पर्वत द्वारा श्री विकास विष्णु कुम्भार, सहायक कमांडेंट, आंसुअ, को महानिदेशक पदक एवं प्रमाण- पत्र देते हुए ।

श्री अरुण कुमार, निदेशक / महानिरीक्षक, द्वारा गणतंत्र दिवस पर जवानों को मिठाई वितरण करते हुए ।

सामूहिक फोटो

सामूहिक फोटो